www.avadhkaawaz.com

# अवध की आवाज

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र राजधानी लखनऊ उत्तर प्रदेश से प्रकाशित

वर्ष–10 अंक–115 R.N.I.- UPHIN/2012/45127 लखनऊ मंगलवार 27 जुलाई 2021 पृष्ठ – 8 मूल्य–3 रूपया

## पिछले 24 घण्टों में 33 मिले नए केस, 11 जिले कोरोना से मुक्त

लखनऊ (वेबवार्ता)। उत्तर प्रदेश में समन्वित प्रयास से 11 जिलों में कोरोना के एक भी एक्टिव केस नहीं है। अपर मुख्य सचिव 'सूचना' नवनीत सहगल ने सोमवार को बताया कि विगत दिवस किसी भी जिले में दोहरे अंक में नए केस की पुष्टि नहीं हुई। जबकि पिछले 24 घण्टों में कोरोना संक्रमण के सिर्फ 33 नए केस मिले, जबकि 64 मरीज स्वस्थ होकर डिस्चार्ज हुए हैं। बताया कि 53 जिलों में संक्रमण का एक भी नया केस नहीं पाया गया, जबकि 22 जनपदों में इकाई अंक में मरीज पाए गए। प्रदेश में हर नए दिन के साथ कोविड महामारी पर नियंत्रण की स्थिति और बेहतर होती जा रही है। मिशन मोड में काम हो रहा है, अब तक 209 नए ऑक्सीजन प्लांट क्रियाशील हो चुके हैं। बताया कि वर्तमान में प्रदेश में एक्टिव कोविड केस की संख्या 857 रह गई है। प्रदेश में हर दिन ढाई लाख से तीन लाख टेस्ट हो रहें हैं, जबकि पॉजिटिविटी दर 0.01 फीसदी तक आ गई है। जनपद अलीगढ़, बदायूं, बस्ती, बहराइच एटा, फतेहपुर, हमीरपुर, हाथरस, कसगंज, महोबा और श्रावस्ती में अब कोविड का एक भी मरीज नहीं है। यह जनपद आज कोविड संक्रमण से मुक्त हैं। उत्तर प्रदेश सर्वाधिक कोविड टेस्टिंग करने वाला राज्य है। अब तक यहां 06 करोड़ 42 लाख 77 हजार 972 कोविड सैम्पल की जांच की जा चुकी है। कोरोना महामारी की दूसरी लहर पर प्रभावी नियंत्रण बना हुआ है। ट्रेस, टेस्ट और ट्रीट की नीति के अनुरूप सभी जरूरी प्रयास सतत जारी रखे जाएं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कोविड की तीसरी लहर की आशंका देखते हुए सभी जरूरी प्रयास यथाशीघ्र पूरी की जाए। बच्चों की स्वास्थ्य सुरक्षा की दृष्टि से पीकू व नीकू की स्थापना की कार्यवाही तेज हो। अब तक केवल मेडिकल कॉलेजों में पीडियाट्रिक आईसीयू व आइसोलेशन बेड की संख्या 6522 से अधिक हो गई है। इसी प्रकार स्वास्थ्य विभाग के अस्पतालों में करीब 3000 पीडियाट्रिक आईसीयू व आइसोलेशन तैयार हो गए हैं। सभी जिलों में इस कार्य को शीर्ष प्राथमिकता दी जानी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के नौ जनपदों में अतिशीघ्र मेडिकल कॉलेजों का लोकार्पण होने जा रहा है। इन मेडिकल कॉलेजों की प्रयोगशाला, पुस्तकालय, शिक्षक, सहायक कार्मिक, उपकरण आदि के सम्बंध में अवशेष कार्यों को तेजी के साथ पूरा किया जाए। सभी नौ मेडिकल कॉलेजों के लिए एक–एक नोडल अधिकारी की नियुक्ति कर कार्यों की दैनिक समीक्षा की जाए। उन्होंने कहा कि अयोध्या के समग्र विकास के कार्यों की गति तेज करने की आवश्यकता है। प्राथमिकता के आधार पर चरणबद्ध ढंग से कार्यों की पूरा कराया जाए। अंतर्विभागीय समन्वय बनाया जाए। भूमि सम्बंधी प्रकरणों का त्वरित समाधान कराया जाए। पूर्वांचल एक्सप्रेस–वे निर्माण कार्य पूर्णता की ओर है। इसके अवशेष कार्यों को तेजी से पूरा कराएं। उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों को त्वरित सहायता के लिए संचालित हेल्पलाइन नम्बर 14567 सेवा को और बेहतर किये जाने की जरूरत है। सीएम हेल्पलाइन 1076 के माध्यम से भी हर दिन न्यूनतम 100 वृद्धजनों को फोन कर उनके स्वास्थ्य के सम्बंध में जानकारी ली जाए, उनकी अन्य जरूरतों के बारे में पूछते हुए उनकी समस्याओं का समाधान कराएं। कहा कि कैंसर की समस्या से ग्रस्त अथवा डायलिसिस कराने वाले मरीजों के इलाज में कतई देरी न हो। जॉइंट डायरेक्टर स्तर के अधिकारी जिलों में जाएं।

## उन्नाव में भूमाफियाओं पर बड़ी कार्यवाही चला योगी का बुलडोजर

अवध की आवाज ब्यूरो

सोहरामऊ उन्नाव। विकास खण्ड नवाबगंज के सोहरामऊ में निकली नहर को पाटकर भूमाफियाओं ने प्लाटिंग कर दी जिस पर आलीशान भवन तथा मार्केट बन गई थी शासन में हुई शिकायत को संज्ञान में लेते राजस्व विभाग एवं नहर विभाग ने जांचकर नहर पाटकर बनाई गई इमारतों एवं मार्केट का ध्वस्तीकरण सोमवार को भारी सुरक्षा व्यवस्था के साथ किया जा रहा है।



## थाना निघासन पुलिस द्वारा वांछित अभियुक्त गुड्डू पुत्र सत्तार को अवैध तमंचा कारतूस सहित किया गया गिरफ्तार

अवध की आवाज ब्यूरो

लखीमपुर खीरी। पुलिस अधीक्षक खीरी के निर्देशन में संपूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 26.07.2021 को थाना निघासन पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 382/2021 धारा 307/504/506 भादवि में वांछित अभियुक्त गुड्डू पुत्र सत्तार निवासी ग्राम कंचनपुर मजरा सेमरी कोतवाली धौरहरा जनपद खीरी को ग्राम ढखेरवा नानकार स्थित औघड़ बाबा पुल के पास से गिरफ्तार किया गया जिसके कब्जे से 01 अदद अवैध तमन्चा 315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर व 01 अदद खोखा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया है। उक्त बरामदगी के संबंध में आर्म्स एक्ट की सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्त को मा0 न्यायालय भेजा गया है।



## क्षेत्र में जाकर लोगों का दुख दर्द सुन रहे हैं- युवा नेता विकास अग्रवाल

अवध की आवाज ब्यूरो

लखीमपुर खीरी। आए दिन सुर्खियों में रह रहे युवा नेता समाजसेवी विकास अग्रवाल कुछ दिन पूर्व उनके चर्चे ब्लॉक प्रमुख चुनाव में सुने जा रहे थे और उसी चुनाव के दौरान क्षेत्र में घूमने पर उनको लोगों का जो दुख दर्द दिखा उसी दुख दर्द को देख कर अब वह क्षेत्र में जाकर लोगो की समस्या सुनने की कोशिश कर रहे हैं। और लोगों की ज्यादा ही कुछ समस्या को देखकर अब वह अपनी पूरी टीम के साथ अब हर गांव जाकर लोगों का दुख दर्द सुनकर जो समस्या जिस प्रकार की होती है।अगर वो समस्या धन की हुई तो उसे तत्काल प्रभाव से पूरा करते हैं।और अगर कोई गरीब इंसान बीमार हुआ तो उसका इलाज का भी जिम्मा ले रहे है। उनसे जो बन पा रहा है वह समस्या ज्यादा से ज्यादा निस्तारण करने की कोशिश कर रहे हैं और जो लोगों की बहुत ही बड़ी समस्या होती है उनको अपने पास लिख कर रख लेते है। और लोगो की अस्वसं देते है कि हम से जो हो सकेगा वो हर संभव मदद करेंगे उनके इसी स्वभाव , काम को लेकर लोगों में एक खुशी की लहर दौड़ पड़ी है कि उनकी दुर्दशा पर कोई काम करने कोई तो आया है लोगों का कहना है कि इस बार विधायक के रुप में वह विकास अग्रवाल को देखना चाहते हैं और हर तरीके से उनकी मदद के लिए तैयार है क्षेत्रवासियों का कहना पूरा मुंड बना चुके हैं। इस बार के विधानसभा चुनाव को लड़ने का और उनका कहना ही कि आप सभी का कर सहयोग रहेगा तो हम आप सब के इन छोटे–छोटे दुख दर्द को जड़ से उखाड़ देंगे



है बाहर से आए लोगों को भगाना है और अपने घर के बेटे को ही नेता बनाना है। घर का बेटा है अपने बाप का ,अपने भाइयों,बहनों का,अपनी माँ का, दुख दर्द समझेगा बाहर के लोग तो सिर्फ खाने के लिए ही आते हैं और खा पी कर चले जाते हैं । उनको किस बात की परवाह है कि लोग मर रहे हैं या जी रहे हैं उनकी इस बातों से विकास अग्रवाल भावुक होकर अपना इन छोटी–छोटी समस्याओं को एक पल में खत्म कर देंगे फिर वह चाहे बाढ़ की समस्या हो,या फिर शिक्षा की या किसानों की समस्या हो या कहीं घूसखोरी हो रही हो या फिर किसानों पर अत्याचार हो रहा हो इन सब को एक पल में खत्म करूंगा यह मेरा वादा नहीं प्रण ले रहा हूं आपके बीच का बेटा आपके बीच में ही रह कर आपका काम करूंगा।

# कारगिल विजय दिवस'' की 22 वीं वर्षगांठ अत्यन्त हर्षोल्लास एवं श्रृद्धा पूर्वक मनाया गया:

अवध की आवाज ब्यूरो

उन्नाव। (सू0वि0) जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय, उन्नाव के तत्वावधान में दिनांक 26 जुलाई 2021 को कार्यालय में स्थित शहीद स्मारक स्थल पर कारगिल विजय दिवस'' की 22 वीं वर्षगांठ अत्यन्त हर्षोल्लास एवं श्रृद्धा पूर्वक मनाया गया ।

स्क्वाड्र्न लीडर मधु मिश्रा, जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी, उन्नाव ने पूर्व सैनिकों एवं कार्यालय स्टॉफ की उपस्थिति में शहीद स्मारक में माल्यार्पण एवं श्रृद्धा सुमन अर्पित कर कारगिल युद्ध में शहीद सैनिकों को नमन किया। साथ ही ग्राम–बजौरा, जनपद–उन्नाव के कारगिल युद्ध शहीद लांस नायक अमर बहादुर सिंह की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रृद्धान्जली दी, और उनके अदम्य साहस एवं बलिदान को याद किया। साथ ही बताया कि मा0 मुख्यमंत्री उ0प्र0 राहत कोष से दी जाने वाली कारगिल पेंशन शहीद की वीर नारी को रू0 67,500–00 एवं पिता को रू0 45,000–00 प्रदान करा दी गयी है। स्क्वाड्र्न लीडर मधु मिश्रा ने कहा कि अत्यन्त दुर्गम स्थानों में अपने परिवार से दूर रहकर अपने प्राणों की बाजी लगाकर देश की अखण्डता एवं सम्प्रभुता की रक्षा के लिए शहीद सैनिकों को शत्–शत् नमन करते हैं। उनके इस बलिदान के लिए देश के समस्त नागरिक गर्व महसूस करते हुए अपने मन मस्तिष्क में सदैव के लिए उनकी यादें सजों कर रखेंगे। उन्होंने कहा कि जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय, जनपद के समस्त सैनिकों, शहीद सैनिकों के आश्रितों की सेवा के लिए सदैव तत्पर रहता है। हर समय



हर सम्भव मदद करता है। उन्होंने जनपद के युवाओं को शसस्त्र सेनाओं में भर्ती होने के लिए प्रोत्साहित किया, जिससे जनपद का गौरव बढ़ेगा। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी उन्नाव ने इस पुनीत समारोह में उपस्थित पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों को शैक्षिक सहायता, प्रधानमंत्री स्कॉलरशिप, स्टाम्प ड्युटी छूट, निःशुल्क कम्प्युटर एवं एस0एस0बी0 कोचिंग प्रशिक्षण जैसी योजनाओं की जानकारी दी और आवाहन किया कि अधिक से अधिक पूर्व सैनिक व उनके आश्रित भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं में ऑन लाईन आवेदन कर उनका लाभ उठायें।

अन्त में शहीद सैनिकों के परिवारों के प्रति सहानुभूति एवं सम्मान प्रकट करते हुए समारोह का समापन किया गया। इस अवसर पर आ0 कैप्टन ए0 के0 सिंह, आ0 कैप्टन एस0पी0 यादव, आर0एस0 यादव, पूर्व सार्जेन्ट एच0के0 शुक्ला, पूर्व हव0 जी0एस0 भदौरिया, पूर्व नायक सुवेद प्रकाश, पूर्व सी–वन शीलेन्द्र कुमार मिश्र व अन्य पूर्व सैनिकों के साथ कार्यालय के शिव प्रसाद, राकेश मिश्र, राजीव, उमाकान्त उपस्थित रहे। उक्त कार्यक्रम कोराना प्रोटोकाल एवं सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए सम्पन्न हुआ।



गुलाब सिंह लोधी की प्रतिमा लगाए जाने की मांग को लेकर लोधी समाज का जिलाधिकारी उन्नाव के कार्यालय के पास चल रहा विशाल धरना प्रदर्शन।

अवध की आवाज ब्यूरो

## दुष्कर्म का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

अवध की आवाज ब्यूरो

उन्नाव। थाना बांगरमऊ जनपद उन्नाव पुलिस अधीक्षक महोदय के कुशल निर्देशन एवंअपर पुलिस अधीक्षक महोदय उन्नाव व क्षेत्राधिकारी महोदय बांगरमऊ के षण में महिला सम्बन्धी अपराधों की रोकथाम एवं सम्बन्धित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना बांगरमऊ पुलिस द्वारा दुष्कर्म में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। दिनांक 26/07/21 को समय करीब 09:40 बजे प्र0नि0 मुकुल प्रकाश वर्मा मय हमराह फोर्स द्वारा थाना बांगरमऊ पर पंजीकृत मु0अ0स0–240/21 धारा 376 366 IPC में वांछित अभियुक्त सुहेब उर्फ शुऐब पुत्र नसीम उम्र करीब 22 वर्ष निवासी ग्राम बहलोलपुर थाना बाँगरमऊ जनपद उन्नाव को नानामऊ तिराहा कस्बा बांगरमऊ से गिरफ्तार किया गया



# जुवाडी से तेलगवां तक बने एनटीपीसी कैनाल रोड की हालत जर्जर बदहाली मैं जीवन यापन करने को मजबूर हैं ग्रामीण

अवध की आवाज ब्यूरो

जिला सिंगरौली मध्य प्रदेश। नगर निगम क्षेत्र ग्राम तेलगवां से चंदावल तक बने एन.टी.पी.सी. शक्तिनगर की कैनाल रोड की हालत एकदम खस्ताहाल होने के कारण ग्रामवासियों को हर रोज़ परेशानी का सामना करना पड़ता है। सड़क की दुर्दशा के कारण सड़क पर बरसात में पानी भर जाता है जिसके कारण कई लोग आए दिन गिरते रहते हैं। किसी बीमार मरीज अथवा गर्भवती महिलाओं को अस्पताल लाते ले जाते अत्यंत कष्टों का सामना करना पड़ता है। नहर के किनारे डिस्चार्ज कैनाल के रिसाव के कारण बढ़े हुए झाड़ में सांप नेवले, सियार रहते हैं जिसके कारण लोगों में भय भी रहता है। सड़क की मरम्मत न होने के कारण सड़क टूट कर सकरी हो गयी है। सड़क के किनारे लगे बबूल के पेड़ में अक्सर लोग सामने से आ रही गाड़ी की लाइट आंखों पर पड़ने से टकरा भी जाते हैं, और सकरी सड़क के कारण कभी कभी साईकल चालक नहर से नीचे जमीन पे जमे झाड़ में भी उतर जाते हैं। ये सब दिक्कतों का सामना करते–करते विस्थापन का मार झेल रहे ग्रामवासी आक्रोशित हो रहे हैं। इस कैनाल रोड के किनारे 5 गांव बसे हैं और लगभग 25000 से 30000 की आबादी इस सड़क का इस्तेमाल करती है। विन्ध्यनगर–शक्तिनगर के मुख्य मार्ग पर आर.टी.ओ. बैरियर के पास एन. टी.पी.सी विन्ध्यनगर के द्वारा अवैध रूप से छोड़े जा रहे राखड़ व पानी के कारण जब पानी भर जाता है तब भी इस कैनाल रोड का इस्तेमाल बढ़ जाता है। ग्राम वासियों द्वारा इस सड़क को बनाने के लिए सन 2016 से आवाज़ उठाई जा रही है लेकिन अभी तक यह सड़क नहीं बन पाई। कहने को तो यह क्षेत्र नगर पालिक निगम सिंगरौली के अंतर्गत आता है, एन.टी.पी.सी विन्ध्यनगर एवं शक्तिनगर दोनो का विस्थापित गाँव है लेकिन न तो नगर निगम के द्वारा सड़क का निर्माण कराया जा रहा और न ही



एन.टी.पी.सी. के द्वारा। एन.टी.पी. सी. शक्तिनगर के द्वारा डिस्चार्ज कैनाल के हो रहे रिसाव के माध्यम से ग्राम तेलगवां के निवासियों के जमीन में पानी अलग छोड़ दिया जा रहा है।

इस मुद्दे पर चिरायु जन कल्याण समिति के अध्यक्ष शशि देव पाण्डेय बीते दिनों जिला कलेक्टर सिंगरौली से मिले और समस्याओं के बारे में अवगत कराया। श्री पाण्डेय का कहना है कि इस सड़क के निर्माण की मांग पिछले पांच सालों से उठाई जा रही है लेकिन आज तक कुछ नहीं हुआ। पिछले साल तो चिरायु जन कल्याण समिति की टीम ने नगर निगम आयुक्त, जिला कलेक्टर, एन.टी.पी.सी शक्तिनगर एवं कार्यकारी निदेशक एन.टी.पी. सी को पत्र के माध्यम से इस समस्या के बारे में अवगत कराया लेकिन आज दिन तक कुछ नहीं हुआ।

संगठन के अध्यक्ष का कहना है कि पिछले साल कोरोना के कारण आंदोलन नहीं किये लेकिन आवश्यकता पड़ी तो गांव वालों के साथ मिल कर आंदोलन भी करेंगे, क्षेत्र में हो रहे एन.टी.पी.सी के कार्य को भी रोकेंगे और आवश्यकता पड़ी तो कोर्ट तक भी जाएंगे।

आगे पाण्डेय ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि एन.टी.पी.सी में जिनकी नौकरी लग गई उनकी तो ठीक बाकियों के लिए अभिशाप बन गयी है ये कंपनी। कई लोग तो समिति बना कर बैठे हैं कोई काम ही नहीं मिल रहा। एन.टी.पी. सी शक्तिनगर के डिस्चार्ज कैनाल के कारण कई लोगों और मवेशियों की इसमे गिरने से मृत्यु हो गयी। कैनाल के दोनों किनारे दीवार, दोनों किनारे लाइट की सुविधा न होने के कारण कई अप्रिय घटना और अवैध काम होते रहते हैं। कैनाल के ऊपर अलग अलग जगह पर बने पुल जर्जर हो चुके हैं और किसी भी दुर्घटना का इंतज़ार कर रहे हैं। चंदावल में सेमरा बाबा के पास बनी पुल, तेलगवां पुलिस चौकी और शक्तिनगर पुलिस चौकी को जोड़ने वाली पुल तो अत्यधिक जर्जर हो गयी है और इस पर भारी वाहनों का आवाजाही भी लगा रहता है। जयनगर की पुल की भी स्थिति खराब है। तेलगवां में हो रहे नहर से रिसाव के कारण जमीन में पानी भर गया है और



चिरायु जन कल्याण समिति जिलाध्यक्ष शशि देव पांडे

कैटेल के पौधे जम गए हैं जिसके कारण लोग खेती नहीं कर पा रहे। जुआड़ी पुल के नीचे से जा रहे नहर से एन.टी.पी.सी विन्यनगर और शक्तिनगर के द्वारा राखड़ युक्त पानी छोड़ कर जलाशय को प्रदूषित किया जा रहा है और इस नहर को भी राखड़ से पाट दिया गया है। साथ ही नहर से सटे कई लोगों के खेत बर्बाद हो गए हैं। चंदावल में ऐश डैम के रिसाव के कारण कैटेल के पौधे खेती वाली जमीन में जम गए हैं। उधर तेलगवां मार्केट से ले कर सिम्प्लेक्स कॉलोनी तक तेलगवां के लोगों की जमीन अधिग्रहण कर के अवैध बस्ती बसा कर तेलगवां के लोगों को ठगा गया है। एन.टी.पी.सी. द्वारा किये गए अन्याय असंख्य हैं। लोग जागरूक हो रहे हैं, आवाज़ बुलंद होगी। अपने अधिकार के लिए



समाजसेवी प्रेम सागर मिश्रा

सफलता मिलने तक लड़ेंगे।

साथ ही जुवाड़ी के निवासी एवं समाजसेवी प्रेम सागर मिश्रा ने बताया कि इस सड़क की हालत बेहद खराब है आगे उन्होंने कहां की सड़क बनवाने की जिम्मेदारी तो एनटीपीसी शक्तिनगर का है क्योंकि पानी डिस्चार्ज कैनाल शक्तिनगर का है लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों ने कभी गंभीरता से नहीं लिया नतीजा यह निकला की पूरी तरह टूटी फूटी जर्जर सड़क में पैदल चलना यहां के लोगों को मुश्किल हो गया हैं समाजसेवी प्रेम सागर मिश्रा ने कहा की अगर एनटीपीसी शक्तिनगर के द्वारा सड़क नहीं बनवाया गया तो आगे हम गांव वालों के साथ मिलकर आंदोलन भी करेंगे।

# प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के लक्ष्य के करीब यूपी

अवध की आवाज ब्यूरो

लखनऊ। पहली बार गर्भवती होने वाली और धात्री महिलाओं के बेहतर स्वास्थ्य देखभाल और सही पोषण के लिए शुरू की गयी प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना का लाभ कोरोना काल और लॉकडाउन के दौरान भी मिलता रहा। जनवरी 2017 में पूरे देश में शुरू की गयी प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत पहली बार गर्भवती होने वाली व धात्री महिला को तीन किश्तों में 5000 रूपये प्रदान किये जाते हैं। योजना के तहत इस माह तक सूबे की करीब 43.50 लाख महिलाओं को लाभान्वित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, लाकडाउन के बाद भी मध्य जुलाई तक करीब 93.34 फीसद लक्ष्य पूरा करते हुए करीब 40.60 लाख को योजना से लाभान्वित किया जा चुका है। इस माह मध्य जुलाई तक करीब 25 हजार महिलाओं का योजना के तहत रजिस्ट्रेशन किया गया है।

योजना के राज्य नोडल अधिकारी राजेश बांगिया का कहना है कि विभाग का पूरा प्रयास है कि निर्धारित लक्ष्य को पूरा करते हुए गर्भवती व धात्री महिलाओं के बैंक खाते में राशि का अंतरण कर दिया जाए। यही कारण है कि कोरोना काल में जहाँ बहुत सी योजनाएं प्रभावित हुई थीं वहीं इस योजना के तहत महिलाओं का बराबर पंजीकरण हो रहा था और उनके खाते में बराबर धनराशि भी पहुँच रही थी। बांगिया का कहना है कि इस कार्य में प्रदेश के लगभग सभी जिलों ने पूरी दिलचस्पी दिखाई, जिससे यह कार्य संभव हो पाया। आशा कार्यकर्ताओं की भी इसमें अहम् भूमिका रही, समुदाय तक योजना के प्रचार–प्रसार और लाभार्थी को चिन्हित कर योजना के तहत पंजीकरण कराने में उन्होंने भरपूर प्रयास किया। इस तरह सभी के सम्मिलित प्रयास से वह इस लक्ष्य को भी पूरा कर लेंगे। उनका कहना है कि वर्ष 2017 से 2021 के मध्य जुलाई (15 जुलाई तक) तक प्रदेश में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत करीब 1.07 करोड़ रजिस्ट्रेशन किये जा चुके हैं।

**तीन किश्तों में मिलते हैं 5000 रूपये**

पहली बार गर्भवती होने पर योजना के तहत पंजीकरण के लिए गर्भवती और उसके पति का कोई पहचान पत्र या आधार कार्ड, मातृ–शिशु सुरक्षा कार्ड, बैंक पासबुक की फोटोकापी जरूरी है। बैंक अकाउंट ज्वाइंट नहीं होना चाहिए, निजी अकाउंट ही मान्य होगा। पंजीकरण कराने के साथ ही गर्भवती को प्रथम किश्त के रूप में 1000 रुपये दिए जाते हैं। प्रसव पूर्व कम से कम एक जांच होने और गर्भावस्था के छह माह बाद दूसरी किश्त के रूप में 2000 रुपये और बच्चे के जन्म का पंजीकरण होने और बच्चे के प्रथम चक्र का टीकाकरण पूरा होने पर धात्री महिला को तीसरी किश्त के रूप में 2000 रुपये दिए जाते हैं। यह सभी भुगतान गर्भवती के बैंक खाते में ही किये जाते हैं।

इस योजना का लाभ पाने के लिए अब घर बैठे ऑनलाइन आवेदन भी किया जा सकता है। इसके तहत **pmmvy–cas.nic.in** पर लॉगिन करेंगे तो मोबाइल पर ओटीपी (वन टाइम पासवर्ड) आएगा, साइट पर ओटीपी डालकर संबंधित फॉर्म भरकर आवेदन किया जा सकता है। ऑफलाइन की व्यवस्था पहले की ही तरह चल रही है। इसके अलावा राज्य स्तर से हेल्पलाइन नंबर 7998799804 भी जारी किया गया है। इस नंबर पर लाभार्थी कॉल करके योजना के आवेदन संबंधी तथा भुगतान में आ रही समस्या का निराकरण प्राप्त कर सकते हैं।

# रेउसा के बम्भिया में राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना संगठन की विस्तार के लिए बैठक आयोजन किया

अवध की आवाज ब्यूरो

सीतापुर/रेउसा। विकास खंड रेउसा के ग्राम बम्भिया में राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना संगठन की बैठक की। जिसमे आये हुए जिला संगठन मंत्री संजय सतेंद्र सिंह,प्रमोद सिंह चौहान, रोहित सिंह, पुतान सिंह, कौशल सिंह पूर्व प्रधान, सरवन सिंह,अर्जुन सिंह,मान्ने सिंह,कप्तान सिंह ,अभिषेक सिंह, सुभम सिंह, गुलाब सिंह, गुड्डू सिंह , शैलेन्द्र सिंह,सुधाकर



सिंह(एडवोकेट) ,जिला उपाध्यक्ष अनूप सिंह,जिला सचिव हिमांशु सिंह, जिला सहयोंजक धर्मेन्द सिंह ,जिला सहयोंजक विश्वपाल सिंह (पत्रकार) ब्लॉक अध्यक्ष शिवपूजन सिंह चौहान, सेउता विधानसभा अध्यक्ष सौरभ सिंह टिंकू ,सेउता विधानसभा उपाध्यक्ष पूर्वी विनीत सिंह ,सर्वेस सिंह चौहान,फूल सिंह, सिंह दीपक सिंह विधानसभा उपाध्यक्ष सेउता, के साथ मे नवयुक्त सदस्यों को नियुक्त पत्र वितरण करके राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना संगठन के उद्देशों के बारे में विस्तृत विचार विमर्श किया इस मौके पर क्षत्रिय समाज के वरिष्ठ सम्मानित ब्यक्तिगणों की उपस्थिती में संगठन का विस्तार किया गया।

# उत्तर प्रदेश स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंघ द्वारा प्रदेश सरकार व शासन स्तर पर निकाय कर्मियों की लम्बित मांगों के समाधान हेतु पूर्व घोषित आन्दोलन

अवध की आवाज ब्यूरो



लखनऊ। उत्तर प्रदेश स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंघ के आवाहन पर पूरे प्रदेश की इकाइयों में पूर्व घोषित ध्यानाकर्षण आन्दोलन की तैयारियां शुरू कर दी गई है। महासंघ की लखनऊ ईकाई के नगर निगम एवं जलकल कर्मचारी संघ,नगर निगम आर आर कर्मचारी संघ,उ.प्र.जल संस्थान कर्मचारी महासंघ,उ.प्र.नगर निगम चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ, लखनऊ जलसंस्थान कर्मचारी परिषद व लखनऊ नगर निगम एवं कल चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ आदि द्वारा लम्बित मांगों की अपील,गेट मीटिंग,वैनर आदि के द्वारा सभी जोन कार्यालय पर कर्मचारियों से विचार विमर्श कर आन्दोलन में पूर्ण भागेदारी कर सफल बनाने की अपील की जा रही है। महासंघ आन्दोलन के प्रथम चरण में दि.29 जुलाई को प्रदेश के सभी नगर निगमों के अपने अपने मुख्यालय पर दोपहर12 से धरना, गेट मीटिंग के माध्यम से 30 सूत्रीय एवं 7 सूत्रीय प्रमुख मांगों की पूर्ति हेतु मा.नगर विकास मंत्री आशुतोष टन्डन गोपाल जी उत्तर प्रदेश सरकार को एवं अपर मुख्य सचिव नगर विकास, उत्तर प्रदेश शासन को ज्ञापन अपने विभागाध्यक्षों के माध्यम से प्रेषित कर भेजा जाएगा। यदि ज्ञापन के पश्चात निकाय कर्मियों की मांगों पर कोई सकारात्मक आदेश नहीं निर्गत हुए तो दुसरे चरण में दि.7 अगस्त को सांकेतिक कार्यबन्दी कर विरोध व्यक्त किया जायेगा। यदि उपरोक्त ध्यानाकर्षण आन्दोलन के बाद भी कोई रिजल्ट नही निकलता तो तीसरे चरण में दि.27 अगस्त को लखनऊ राजधानी में प्रदेश भर के आए कर्मचारियों की एक सभा कर हजरतगंज स्थित गांधी प्रतिमा पर पूज्य बापू जी को पुष्प अर्पित कर वहीं पर मा.मुख्यमंत्री महोदय जी के नाम ज्ञापन प्रेषित कर अगले आन्दोलन की घोषणा की जायेगी, जिसमें अनिश्चितकालीन कार्यबन्दी, प्रदेश की सभी नगर निगमों के प्रत्येक वार्ड में जन सभाएं कर निकाय कर्मियों के प्रति किए जा रहे भेदभाव व कार्यप्रणाली से आम जनमानस को अवगत कराते हुए, आनेवाले दिनों में होने वाले विधानसभा चुनाव में निकाय कर्मचारी अपनी भूमिका हेतु निर्णय करेगा। महासंघ का आन्दोलन की तैयारी का कार्यक्रम दि.26 जुलाई से 28 जुलाई तक पूरे प्रदेश की निकायो में उसके कार्यालयों व जोन आदि पर किया जायेगा।

# केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के द्वारा वृक्षारोपण उत्सव के रूप में वृहद रूपसे वृक्षारोपण का किया गया आयोजन

अवध की आवाज ब्यूरो

मध्य प्रदेश। सिंगरौली विंध्य नगरबल मुख्यालय द्वारा केऔसुब इकाई वीएसटीपीपी विन्ध्यनगर को माह जून 2021 से अक्टूबर 2021 तक 2500 वृक्ष लगाने का लक्ष्य दिया गया। लक्ष्य के अनुसार, केऔसुब इकाई वीएसटीपीपी विन्ध्यनगर द्वारा एनटीपीसी एवं इसके आसपास के क्षेत्र में लगभग 1275 पेड़ लगाये जा चुके है। बल मुख्यालय द्वारा दिनांक 25 जुलाई 2021 को वृक्षारोपण उत्सव के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया है। इसी क्रम में केऔसुब इकाई वीएसटीपीपी विन्ध्यनगर के अधिकारियों एवं जवानों द्वारा वृहद पैमाने पर वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया जिसके तहत एनटीपीसी परिसर में 450 फलदार पेड़ जैसे अमरूद, जामून एवं शरीफा आदि एवं 300 छायादार पेड़ लगाए गए। साथ ही साथ आने वाले दिनों में भी सीआईएसएफ द्वारा वृहद पैमाने पर एनटीपीसी विन्ध्यनगर एवं इसके आस–पास के क्षेत्र में वृक्षारोपण किया जाएगा। इस वृक्षारोपण उत्सव का आयोजन वी. विधुन, उप कमाण्डेन्ट केऔसुब इकाई वीएसटीपीपी/एनटीपीसी विन्ध्यनगर के नेतृत्व में किया गया एवं इस अवसर पर सहायक कमाण्डेन्ट एस. वी. रेड्डी, सहायक कमाण्डेन्ट अजित टोप्पो,उत्तम लाल, महाप्रबन्धक मानव संसाधन, ए. भट्टाचार्य, अपर महाप्रबन्धक मानव संसाधन रोहित कुमार, अपर महाप्रबन्धक मानव संसाधन निरीक्षक राजधारी, निरीक्षक राम लखन सिंह, निरीक्षक शिवानन्द मल, निरीक्षक संत कुमार, निरीक्षक उमेश चन्द्र चौरसिया व एनटीपीसी के वरिष्ठ अधिकारीगण एवं केऔसुब के अधिकारी एवं जवान मौजूद थे साथ ही वृक्षारोपण उत्सव में इकाई के संरक्षिका सीता महालक्ष्मी एवं संरक्षिका की अन्य महिला सदस्या एवं बच्चों ने भी बढ़–चढ़कर वृक्षारोपण किया।



# ग्राम प्रधानों के द्वारा नवनिर्वाचित ब्लाक प्रमुख का किया गया स्वागत सम्मान

अवध की आवाज ब्यूरो

कहोबा चौराहा गोण्डा। इटियाथोक कस्बा व बाजार स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में रविवार को नवनिर्वाचित ब्लॉक प्रमुख पूनम द्विवेदी के स्वागत सम्मान कार्यक्रम का आयोजन विरमापुर ग्राम पंचायत के प्रधान ज्योति चंद्र तिवारी, इटियाथोक प्रधान प्रतिनिधि राजेश कुमार द्विवेदी, परसियागूदर प्रधान प्रतिनिधि अमरीश मणि तिवारी, प्रबंधक सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज सुरेश नारायण पांडे के द्वारा किया गया।सम्मान समारोह के इस कार्यक्रम में इटियाथोक ब्लॉक के ज्यादातर ग्राम प्रधान व प्रधान प्रतिनिधिगण मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख पूनम द्विवेदी के द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व धूप दीप करके किया गया। विरमापुर ग्राम प्रधान ज्योति चंद्र तिवारी, राजेश कुमार दुबे, अमरीश मणि तिवारी, प्रबंधक सुरेश नारायण पांडे के द्वारा सर्वप्रथम ब्लाक प्रमुख पूनम द्विवेदी को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया तदुपरांत क्रमशः कार्यक्रम में उपस्थित ग्राम प्रधान और प्रधान प्रतिनिधियों ने पूनम द्विवेदी को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत सम्मान किया और ब्लॉक प्रमुख पद पर निर्विरोध निर्वाचित होने की बधाई व शुभकामना दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नवनिर्वाचित ब्लॉक प्रमुख पूनम द्विवेदी ने उपस्थित ग्राम प्रधान एवं प्रधान प्रतिनिधियों को कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आभार व्यक्त किया और कहा कि आप लोगों के सहयोग और समर्थन से मैं इटियाथोक ब्लॉक प्रमुख पद पर निर्विरोध निर्वाचित हुई हूं। और आप लोगों के सहयोग से पूरी इमानदारी एवं निष्ठा के साथ ब्लॉक क्षेत्र के समस्त ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों को क्रियान्वित कराए जाने का सार्थक प्रयास करूंगी। उन्होंने कहा सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास मेरी पहली प्राथमिकता होगी। इस अवसर पर ग्राम प्रधान अश्वनी मिश्रा, सोमेश्वर नाथ पांडे, ओमप्रकाश तिवारी, दीप नारायण तिवारी, वसीम अहमद उर्फ सोनू, रोज अली, सहित दर्जनों की संख्या में ग्राम प्रधान और प्रधान प्रतिनिधि गण मौजूद रहे।




# 28 जुलाई को विद्युत विभाग की तरफ से सदाशिव बाजार में लगेगा मेगा समाधान कैंप

अवध की आवाज ब्यूरो

गोण्डा। कहोबा चौराहा गोण्डा, इटियाथोक ब्लाक क्षेत्र अंतर्गत सदाशिव बाज़ार में 28 जुलाई को मेगा कैम्प लगाकर बिजली उपभोक्ताओं के समस्याओं का समाधान यहां किया जावेगा। यह जानकारी देते हुए विद्युत विभाग के उप खण्ड अधिकारी प्रमोद कुमार वर्मा ने बताया कि अधिशासी अभियन्ता योगेंद्र चतुर्वेदी के निर्देशन में सदाशिव बाज़ार में बिजली उपभोक्ताओं के समस्याओं का त्वरित निदान हेतु क्षेत्रीय अवर अभियन्ता ज्ञानेंद्र चौहान व अन्य विभागीय अधिकारी कैम्प में उपस्थित रहेंगे। यदि मीटर में खराबी है, बिजली बिल में गड़बडी नजर आ रही, विद्युत उपकरण व ट्रांसफार्मर में खराबी की समस्या है तो लिखित रूप से मेगा समाधान शिविर में उपभोक्ता प्रार्थना पत्र दें और प्राथमिकता के तौर पर समस्या का हल कराया जायेगा। इच्छुक लोगों को नियमानुसार नया बिजली कनेक्शन भी यहां से दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि इटियाथोक और मेंहनौन पावर हाउस से जुड़े सभी उपभोक्ताओ का बिजली सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का हल सक्षम अधिकारियों के मौजूदगी में यहां किया जायेगा।



## स्वर्गीय अजय कुमार लोधी नाक आउट टूर्नामेंट के क्वाटर फाइनल मैच में पहुँचे – युवा नेता विकास अग्रवाल

### दोनों टीमों की हौशला अफजाई की व विजेता टीम को दिया 5100 रुपये का नगद पुरुस्कार – युवा नेता विकास अग्रवाल

अवध की आवाज ब्यूरो

लखीमपुर खीरी। बम्भनपुर खीरी, सभी खेलो को हमारे देश मे बहुत महत्व दिया जाता है। चाहे वो कोई भी खेल क्यों न हो पर हमारे देश मे लोगो का पसंदीदा खेल क्रिकेट माना जाता है।उसी को देखते हुए आज स्वर्गीय अजय लोधी नाक आउट टूर्नामेंट के क्वाटर फाइनल मैच को देखने बम्भनपुर ग्राउंड पर पहुँचे समाज सेवी जुझारु युवा नेता विकास अग्रवाल जिसमे दो टीमें लीग मैच ,लीग मैच जीत कर क्वाटर फाइनल मैच में प्रवेश किया। खेराहनी व लोखांदरपुर की टीमें क्वाटर फाइनल में पहुँची और उनका आज मैच रखा गया। उसी मैच को देखते हुए विकास अग्रवाल ने टीमो के सदस्यों का हौशला बढ़ाने के लिए विजय टीम को 5100 रुपये नगद देने की घोषणा करा दी जिससे दोनों टीमो का मैच खेलने का जज्बा और ज्यादा बड़ा गया और वो अपना पूरा जोर मैच को अपनी अपनी तरफ जितने में लगाने लगी और उसमे लोखांदरपुर की टीम ने 20 रन से जीत दर्ज कर सेमीफाइनल मैच में प्रवेश किया। खेराहनी की तरफ से सबसे सफल गेंदबाज रहे मुसीर जिन्होंने 4 ओवर में 20 रन् देकर 2 विकेट और विजयी टीम लोखांदरपुर की तरफ से सबसे सफल रहे पवन कुमार ने जिन्होंने 4 ओवर में 15 रन खर्च कर 3 विकेट लिए और बल्लेबाजी करते हुए। 10 गेंदों पर 33 रन बनाये जिसमे 5 छक्के सामिल रहे। और मैन ऑफ द मैच भी रहे। मैन ऑफ दा मैच का पुरस्कार विकास अग्रवाल द्वारा दिया गया। जिसमे मौजूद रहे उनके साथी खेरहिनी प्रधान संतोष गुप्ता,बोधिया कला प्रधान ,सय्याद मकसूद उर्फ गुड्डू भैय्या, अनूप जयसवाल,अरविन्द गुप्ता ,छेदुई पतिया प्रधान प्रतिनिधि हसरत अली।



## निर्बल विकास जनकल्याण संस्थान उत्तर प्रदेश के महासचिव रमेश सिंह रवि द्वारा आज भवरेश्वर मन्दिर, मोहनलालगंज में अपनी संस्था के सदस्यों के साथ मन्दिर में दर्शन करने के उपरान्त मन्दिर के प्रांगण में किया वृक्षारोपरण

अवध की आवाज ब्यूरो

लखनऊ। सावन के प्रथम सोमवार के अवसर पर निर्बल विकास जनकल्याण संस्थान उत्तर प्रदेश के महासचिव रमेश सिंह रवि द्वारा सोमवार को भवरेश्वर मन्दिर, मोहनलालगंज में अपनी संस्था के सदस्यों के साथ मन्दिर में दर्शन करने के उपरान्त मन्दिर के प्रांगण में वृक्षारोपरण किया। जिसमें नीम, बरगद, पीपल, आम के पौधों को लगाकर प्रकृति को हरा–भरा रखने का संकल्प लेते हुए और कहा कि पृथ्वी को हरा –भरा रखना हमारा दायित्व है जितना अधिक वृक्षारोपण किये जायेगे उतना ही अधिक लाभ मनुष्य को ही होगा। अकेले में ही करोड़ों की जनसंख्या है। यदि एक व्यक्ति एक वृक्ष भी अपने नाम से लगा दे तो वायु मंडल स्वच्छ होकर आक्सीजन की मात्रा बढ़ेगी और पर्यावरण संतुलन स्थापित होगी। इसलिए संस्थान के पदाधिकारियों द्वारा नीम,आम, बरगद, पीपल, आदि पौधों का रोपण कर पर्यावरण सुरक्षा का संकल्प लिया। इस अवसर पर संस्थान के महासचिव रमेश सिंह रवि, उपाध्यक्ष कुमारी रूबी, सूरज कुमार सिंह, सचिव गीता लोधी, सुहागवती, कपिल सिंह, कुसुम गौतम, सीमा सिंह, राजकुमार सोनकर,अकरम उर्फ बबलू, एवं कामता प्रसाद मुख्य रूप से उपस्थित रहे।




# आंनद यादव बने काकोरी प्रधान संघ अध्यक्ष

अवध की आवाज ब्यूरो

लखनऊ। दिनांक 26–7–2021को समय सुबह 10 बजे ब्लाक मुख्यालय काकोरी में नव निर्वाचित ग्राम प्रधानों की एक पूर्व सूचना के अधर्वपर एक बैठक आहूत की गई।जिसमें नव निर्वाचित ग्रह प्रधानों को ग्राम पंचायत के संचालन में आ रही समस्याओं पर विचार विमर्श हुआ तथा सम्बंधित अधिकारी व कर्मचारियों द्वारा सहयोग व सम्मान न करने पर विस्तृत चर्चा हुई।प्रधान संघ गठन को लेकर विस्तृत विचार विमर्श हुआ।जिसमें प्रधान संघ का सर्वसम्मति से गठन किया गया।बैठक की अध्यक्षता ग्राम प्रधान बड़ागाँव संतोष कुमारी यादव पत्नी देशराज सिंह यादव व संचालन प्रधान करीमाबाद अनिल कुमार कश्यप द्वारा किया गया।जिसमें ब्लाक प्रमुख नीतू यादव पत्नी लल्लू यादव,पूर्व ब्लाक प्रमुख कुँवर रामविलास रावत,एडीओ पंचायत कमलेश चन्द्र जयसवाल,प्रभारी बीडीओ–एडीओ मलिक मकसूद अख्तर सहित आदि उपस्थित रहे।जिसमें सर्वसम्मति से मुजफ्फरनगर पलिया प्रधान आंनद यादव को प्रधान संघ काकोरी का अध्यक्ष चुना गया।प्रधान मतीन अहमद,यदुनाथ गौतम,सतीश कुमार रावत,अनिल कश्यप को उपाध्यक्ष चुना गया।प्रधान कंचन यादव को कोषाध्यक्ष,प्रधान ज्योति प्रकाश यादव को महामंत्री,प्रधान गरिमा सिंह संयुक्त मंत्री,जगदीश कुमार को संगठन मंत्री,प्रधान रमेश कुमार यादव,राजकुमारी मौर्य को मंत्री सर्वसम्मति से चुना गया।बैठक में 47 प्रधानों में से 41 ग्राम प्रधान उपस्थित रहे।इस अवसर पर केशरी राव धारा सिंह यादव,हंसराज लोधी,मनीष गुप्ता,रविराज लोधी,शिशिर यादव, उत्तम यादव,शिवहरि द्विवेदी,पुतान सिंह,अरविंद यादव,अतुल सिंह सहित आदि लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# सम्पादकीय

## फौलादी देश को चट कर रही है मुफ्तखोरी जंग और वेतन विसंगतिया

अह्म की संतुष्टि के लिए कुछ भी कर गुजरने वाले राजनैतिक दलों ने देश को खोखला करके रख दिया है। ईमानदार लोगों की मेहनत की कमाई पर बेईमान लोगों को गुलछर्रे उडाने की सुविधा देने वालों ने एक बडी जनसंख्या को हरामखोरी की आदत डालना शुरू कर दी है। कभी गरीबी के नाम पर, तो कभी पिछडा और दलित होने के नाम पर समाज को बांटने वालों के मंसूबे तो केवल राजसत्ता हथियाने के ही रहे है। मध्यम वर्गीय ईमानदार करदाताओं पर नित नये कर लगाकर उन्हें आत्महत्या के लिए मजबूर करने की स्थितियां निर्मित की जा रहीं है। मंत्रालयों में मोटी पगार पाने वाले अधिकारी अपनी डियूटी निभाने के नाम पर लोगों की जिन्दगी को कठिनाइयों से लबरेज करने पर तुले हैं। वहीं सरकारें अपने सचिवों की योग्यता को संचित होने वाली धनराशि के पैमाने पर मापने लगीं हैं। उच्चवर्गीय लोगों के पास तो करों से बचने हेतु रास्ता खोजने वाले वकीलों की फौज होती है। दूसरी ओर गरीब होने के नाम पर चालबाज लोगों की एक बडी जमात करविहीन बिरादरी में शामिल होकर मुफ्तखोरी की चादर में मौज मना रही है। मुफ्त में राशन, मुफ्त में चिकित्सा, मुफ्त में शिक्षा, मुफ्त में जमीन, मुफ्त में मकान, मुफ्त में शौचालय, मुफ्त में तीर्थ यात्रा, मुफ्त में बिजली, मुफ्त में भोजन, मुफ्त में पानी, मुफ्त में रैनबसेरा, मुफ्त में कोचिंग जैसी स्थितियां निर्मित कर दी गईं हैं। सरकारों को सुझाव देने वाले बुध्दि, ज्ञान और विवेक के शिखर पर बैठे प्रशासनिक अधिकारियों ने तो हमेशा से ही सत्ता की मंशा के अनुरूप आचरण करके स्वयं के पौ बारह किये हैं। इसके कुछ अपवाद भी हो सकते हैं परन्तु आधिकांश की मानसिकता आज भी स्वयं के दायरे से बाहर नहीं निकली है। आखिरकार यह कब तक चलेगी यह मुफ्तखोरी? इस यक्ष प्रश्न का जबाब शायद ही किसी के पास हो। परजीवी लोगों की फौज तैयार करने वोटबैंक में बढोत्तरी करने की हमेशा से ही पहल होती रही है। कभी आरक्षण के नाम पर अयोग्य लोगों को सरकारी नौकरियों की सौगात दी गई तो कभी शोषित कहकर उन्हें सुविधाओं की मास्टर चाबी पकडा दी गई। योग्यता को कुण्ठित करने का कुचक्र स्वाधीनता के बाद से ही चलता रहा। परिणामस्वरूप प्रतिभाओं के पलायन ने तीव्र गति प्राप्त कर ली। स्वाधीनता के बाद से देश की लाखों प्रतिभाओं ने अपनी सुगन्ध से विदेशों को सम्मानित करवाया। देश के अन्दर तो कुर्सी की लडाई ने सभी सिध्दान्तों, आदर्शों और नीतियों को हाशिये पर पहुंचा दिया। कभी सम्प्रदायों को लडाने का षडयंत्र हुआ तो कभी जातिगत दंगे फैलाने के प्रयास किये गये। मुफ्त में सुविधायें पाने वालों ने मौज से बचे समय को असामाजिक कृत्यों में लगाकर धन के अत्याधिक संचय को लक्ष्य बना लिया है। सरकारों ने इस मुफ्तखोरी की भरपाई हेतु कभी परिवहन नियमों में बदलाव किये तो कभी करों में बढोत्तरी की नीति बनाई। कुल मिलाकर आम आवाम को सरकारी औपचारिकताओं में उलझाये रखने में माहिर अधिकारी अभी भी सरकारी खजाने भरने हेतु ईमानदारों पर शिकंजी करने की तैयारी में जुटे हैं। वहीं सरकारी नौकरियों में वेतन निर्धारण का मापदण्ड हमेशा से ही जीवन की सामान्य आवश्यकताओं के दायरे से बाहर विलासता के संसाधनों पर केन्द्रित रहा है। गांव–गांव, गली–गली परिश्रम करने वाली आशा कार्यकर्ता की हथेली बहुत आरजू मिन्नत करने के बाद चंद सिक्के आते हैं जब कि कुछेक छात्रों का दाखिला दिखा कर चलने वाले सरकारी स्कूलों के शिक्षकों के बैंक खातों में प्रतिमाह 60–70 हजार रुपये वेतन के नाम पर पहुंच रहा है। आशा की योग्यता और उपलब्धियों का मूल्यांकन करने के लिए अधिकारियों की एक लम्बी फौज खडी कर दी गई है जबकि सरकारी स्कूलों के अधिकांश शिक्षक स्वयं ही शुध्द इमला लिखने में शायद ही समर्थ हों। महाविद्यालयों–विश्वविद्यालयों की कक्षाओं से अक्सर गायब रहने वाले प्रवक्ताओं के खातों में प्रतिमाह लाख रुपये के आसपास की तनख्वाय पहुंच जाती है। आशा कार्यकर्ता हो या शिक्षक–प्रवक्ता, सभी को सामान्य रूप से भोजन, कपडा और मकान की आवश्यकता ही होती है। इस सभी कारकों पर सामान्य रूप से 5–6 हजार रुपये खर्च आता है, ज्यादा सुन्दर ढंग से जीवन यापन करने पर यही खर्च दो गुना हो सकता है। तो फिर योग्यता के नाम पर 10 से 12 गुना ज्यादा वेतन का निर्धारण क्यों किया जाता है। देश के नीति निर्धारक यह कब समझ पायेंगे कि मंहगाई के पीछे आवश्यकता से ज्यादा मिलने वाली धनराशि ही है। एक आशा कार्यकर्ता 30 रुपये किलो आलू खरीद कर लाती है किन्तु शिक्षक–प्रवक्ता उसी एक किलो आलू को कार में बैठे–बैठे ही 40 से 50 रुपये किलो में खरीदकर अपने अहम को संतुष्ट करता है। जो दूध आशा कार्यकर्ता 50 रुपये में खरीदती है वही दूध शिक्षक–प्रवक्ता के घर पर 80 रुपये किलो में आता है। कारण यह है कि आशा को महीने में बहुत मुश्किल से 5 हजार रुपये मिल पाते है जबकि शिक्षक–प्रवक्ता महोदयों को निविघ्न रूप से मोटी राशि निरंतर मिल रही है। फौलादी देश को चट कर रही है मुफ्तखोरी जंग और वेतनविसंगतियां। इसके लिए देश को स्वयं करना होगा मंथन, लेने होंगे निर्णय और करवाना होगा उनका अनुपालन। तभी देश का वास्तविक विकास पटरी पर लौट सकेगा। इस बार बस इतना ही। अगले सप्ताह एक नयी आहट के साथ फिर मुलाकात होगी।

# नई टेक्नोलॉजी से रोजगार चुनौतियां

—डा. जयंतीलाल भंडारी—

इन दिनों वैश्विक स्तर पर रोजगार से संबंधित प्रकाशित हो रही रिपोर्टों में कहा जा रहा है कि कोविड–19 की वजह से परंपरागत रोजगारों में लगातार कमी आएगी और नई डिजिटल टेक्नोलॉजी के तहत रोजगार अवसर लगातार बढ़ेंगे। हाल ही में वर्ल्ड इकनॉमिक फोरम के द्वारा वैश्विक रोजगार के बदलते हुए परिदृश्य के परिप्रेक्ष्य में प्रकाशित की गई रिपोर्ट में कहा गया है कि दुनिया में ऑटोमेशन बहुत तेजी से बढ़ा है और कोरोना ने इसकी गति और बढ़ा दी है जिससे 2025 तक भारत, अमरीका, चीन जैसे 26 देशों में आठ करोड़ से ज्यादा नौकरियां जा सकती हैं, लेकिन इसी ऑटोमेशन के चलते 2025 तक करीब 10 करोड़ डिजिटल नौकरियों के नए अवसर बनेंगे। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि एआई और कोरोना ने काम करने का तरीका बदल दिया है। यानी, अब नौकरी के लिए खुद को री–स्किल्ड करना होगा। रिपोर्ट के मुताबिक कई ऐसे सेक्टर सामने आने वाले हैं जिनके लिए अलग–अलग स्किल्स वाले लोगों की जरूरत होगी। कंपनियां डिजिटल पर ज्यादा जोर देंगी। ऑफिस से काम करने का चलन कम होगा। इन नई जरूरतों के हिसाब से खुद को ढाल लिए जाने पर छंटनी की संभावना को कम किया जा सकेगा और साथ ही नए अवसर भी बनेंगे। इसी तरह पिछले दिनों वैश्विक रोजगार पर मैकेंजी के द्वारा प्रकाशित की गई रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्ष 2030 तक दुनियाभर में डिजिटल दौर के कारण करीब 10 करोड़ लोगों को अपने रोजगार को बदलना पड़ सकता है।

रिपोर्ट के मुताबिक चीन, फ्रांस, भारत, जर्मनी, स्पेन, यूके और यूएस में हर 16 में से एक कर्मचारी को इस बदलाव से गुजरना पड़ेगा। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि एआई और उच्च डिजिटल कौशल आधारित रोजगारों की मांग बढ़ेगी और परंपरागत रोजगारों की उपलब्धता में कमी आएगी। जहां वर्ल्ड इकनोमिक फोरम और मैकेंजी की रिपोर्टों में रोजगार की चुनौतियां बताई जा रही हैं, वहीं दुनिया के ख्याति प्राप्त मानव संसाधन परामर्श संगठन कॉर्न फेरी और विश्व बैंक की रिपोर्टों में भारत के कौशल प्रशिक्षित युवाओं के लिए रोजगार की संभावनाएं भी बताई जा रही हैं। कॉर्न फेरी ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि जहां दुनिया में 2030 तक कुशल कामगारों का संकट होगा, वहीं भारत के पास 24.5 करोड़ अतिरिक्त कुशल कामगार होंगे। रिपोर्ट में कहा गया है कि जहां 2030 तक दुनिया के 19 विकसित और विकासशील देशों में 8.52 करोड़ कुशल श्रमशक्ति की कमी होगी, वहीं दुनिया में भारत इकलौता देश होगा जिसके पास 2030 तक जरूरत से ज्यादा कुशल कामगार होंगे। भारत ऐसे में विश्व के तमाम देशों में कुशल कामगारों को भेजकर फायदा उठा सकेगा। निःसंदेह कोविड–19 के बीच अब देश और दुनिया में परंपरागत रोजगारों के समक्ष चुनौतियां बढ़ गई हैं और डिजिटल रोजगार छलांगे लगाकर बढ़ते हुए दिखाई दे रहा है। डिजिटल रोजगारों में जिस तरह ऑर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई), ऑटोमेशन और रोबोटिक्स जैसे डिजिटल कौशल जरूरी हैं, उनमें भारत के समक्ष चुनौतियों के बीच संभावनाएं भी हैं। स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि अभी भी देश के साथ–साथ दुनिया के कई देशों की अर्थव्यवस्थाओं को संभालने में भारत की कौशल प्रशिक्षित नई पीढ़ी प्रभावी भूमिका निभा रही है। वर्क फ्रॉम होम (डब्ल्यूएफएच) करने की प्रवृत्ति को व्यापक तौर पर स्वीकार्यता से आउटसोर्सिंग को बढ़ावा मिला है। कोरोना की चुनौतियों के बीच भारत के आईटी सेक्टर के द्वारा समय पर दी गई गुणवत्तापूर्ण सेवाओं से वैश्विक उद्योग–कारोबार इकाइयों का भारत की आईटी कंपनियों पर भरोसा बढ़ा है।

क्लाउड कंप्यूटिंग, ऑटोमेशन, रोबोटिक्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की बढ़ती उपयोगिता के कारण उच्च कौशल प्रशिक्षित भारत की नई पीढ़ी के लिए देश और दुनिया में चमकीले मौके बढ़ते हुए दिखाई दे रहे हैं। अब नए डिजिटल दौर में भारत के पेशेवरों की भूमिका और महत्त्वपूर्ण होगी। दुनिया के कई देशों के द्वारा उनके उद्योग–कारोबार में भारतीय पेशेवरों को सहभागी बनाया जाना आर्थिक रूप से लाभप्रद माना जाएगा। यह बात भी महत्त्वपूर्ण है कि अमरीका के राष्ट्रपति जो बाइडेन की रोजगार रणनीति के कारण भारत के आईटी सेक्टर के तेजी से बढ़ने की संभावनाएं बढ़ी हैं। न केवल अमरीका में, वरन जापान, ब्रिटेन और जर्मनी सहित दुनिया के विभिन्न देशों में औद्योगिक और कारोबार आवश्यकताओं में एआई और नवाचार का इस्तेमाल तेज होने की वजह से भारत के आईटी, हेल्थकेयर, नर्सिंग, इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स, फूड प्रोसेसिंग, जहाज निर्माण, विमानन, कृषि, अनुसंधान, विकास, सेवा व वित्त आदि क्षेत्रों के कुशल पेशेवरों की मांग तेजी से बढ़ते हुए दिखाई दे रही है। निःसंदेह ऐसे में रोजगार की बदलती हुई डिजिटल दुनिया में भारत पूरी तरह से लाभ की स्थिति में आ सकता है। लेकिन स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि अभी सीमित संख्या में ही भारत की कौशल प्रशिक्षित प्रतिभाएं एआई व अन्य नई डिजिटल तकनीकों के जरिए रोजगार जरूरतों को पूरा कर पाएंगी। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष अक्तूबर 2020 में एआई की संभावनाओं को लेकर आयोजित वर्चुअल शिखर सम्मेलन रेज–2020 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि हम भारत को एआई का ग्लोबल हब बनाना चाहते हैं। हम देश में सिर्फ ऐसी मशीनों, तकनीकों, सेवाओं और उत्पादों का प्रयोग करने तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि हम उनका निर्माण और विकास दुनिया के लिए करेंगे। इसी परिप्रेक्ष्य में भारत में एआई को नई शिक्षा प्रणाली के साथ इस तरह जोड़ा गया है कि बहुत बड़ी संख्या में इसमें कुशल पेशेवरों को तैयार किया जा सके।

निश्चित रूप से वर्ल्ड इकनोमिक फोरम और मैकेंजी के द्वारा प्रस्तुत बदलते हुए वैश्विक रोजगार से संबंधित नई रिपोर्टों के मद्देनजर देश और दुनिया में परंपरागत नौकरियों में तेजी से कमी आने और डिजिटल रोजगार के मौकों के तेजी से बढ़ने के मद्देनजर देश की नई पीढ़ी को रोजगार की नई दुनिया के लिए तैयार करते समय कुछ महत्त्वपूर्ण बातों पर ध्यान दिया जाना होगा। अब राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत नई पीढ़ी को अत्याधुनिक और वैश्विक मानकों के अनुरूप नई डिजिटल रोजगार जरूरतों के अनुरूप सजाना–संवारना होगा। अब देश के डिजिटल सेक्टर को यह रणनीति बनाना होगी कि किस तरह के काम दूर स्थानों से किए जा सकते हैं और कौनसे काम कार्यालय में आकर किए जा सकते हैं। अब देश के डिजिटल रोजगार अवसरों को महानगरों की सीमाओं के बाहर छोटे शहरों और कस्बों में गहराई तक ले जाने की जरूरत को ध्यान में रखा जाना होगा। हम उम्मीद करें कि सरकार देश की नई पीढ़ी को एआई, क्लाउड कम्प्यूटिंग, मशीन लर्निंग एवं अन्य नए डिजिटल स्किल्स के साथ अच्छी अंग्रेजी, कम्प्यूटर दक्षता तथा कम्युनिकेशन स्किल्स की योग्यताओं से सुसज्जित करने के लिए हरसंभव प्रयास करेगी। इससे नई पीढ़ी परंपरागत रोजगार छिने जाने की चुनौतियों के बीच नए डिजिटल मौकों को मुठ्ठियों में कर सकेगी। इससे बेरोजगार नई पीढ़ी के चेहरे पर मुस्कराहट आएगी तथा देश विकास की डगर पर आगे बढ़ सकेगा।

# थाना समाधान दिवस का हुआ आयोजन, 62 शिकायतों का किया गया सफल निस्तारण

अवध की आवाज ब्यूरो

निघासन खीरी। जनपद के समस्त थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी खीरी डॉ. अरविन्द कुमार चौरसिया एवं पुलिस अधीक्षक खीरी विजय ढुल द्वारा थाना फूलबेहड़ एवं थाना निघासन पर उपस्थित रहकर ष्थाना समाधान दिवसष की अध्यक्षता की गई। इस दौरान प्राप्त जनशिकायतों की सुनवाई कर त्वरित व निष्पक्ष जांच कराकर समयबद्ध रूप से विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त समस्त क्षेत्राधिकारीगण द्वारा सर्किल मुख्यालय के थानों पर उपस्थित रहकर जनशिकायतों का निस्तारण कराया गया। इस दौरान जनपद के समस्त थानों पर कुल 116 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिनमें 62 प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष प्रकरण के संबंध में टीम गठित कर जांच हेतु मौके पर भेजी गई।





## उप्र में सांप काटने की अलग–अलग घटनाओं में पांच लोगों की मौत

बलिया, (वेबवार्ता)। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में सांप कांटने की अलग–अलग घटनाओं में छह साल के बच्चे सहित पांच लोगों की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, रविवार रात को चितबड़ागांव थाना क्षेत्र के नवागाई गांव के मनीष राजभर 22), नगरा थाना क्षेत्र के अतरौली करमौता गांव की शोभा (28) और बैरिया थाना क्षेत्र के इब्राहिमाबाद नौबरार गांव के विवेक (14) की सांप काटने से मौत हो गई। उन्होंने बताया कि इनके अलावा दोकटी थाना क्षेत्र के दलकी नम्बर एक के आनन्द गोड़ के छह साल के बेटे और खेजुरी थाना क्षेत्र के हरिपुर गांव के राज कुमार शर्मा (18) की भी रविवार को सांप काटने से मौत हो गई।

# समाधान दिवस में डीएम-एसपी ने सुनी समस्याएं

अवध की आवाज ब्यूरो

निघासन खीरी। थाना समाधान दिवस में पहुंचे डीएम अरविंद कुमार चौरसिया व एसपी विजय ढुल ने सत्रह फरियादियों की फरियाद सुन चार शिकायती पत्रों का मौके पर ही निस्तारण किया है। शेष समस्याओं के निस्तारण हेतु संबंधित विभागीय अधिकारियों को सौंपा है। शनिवार को कोतवाली परिसर में आयोजित थाना समाधान दिवस में डीएम व एसपी ने पुलिस विभाग की पांच शिकायतों को सुनने के बाद चार शिकायतों का निस्तारण मौके पर किया है और एक शिकायत कोतवाली को सौंपी है। इसके अलावा राजस्व सहित विकास विभाग की बारह शिकायतों के निस्तारण के लिए विभागीय अधिकारियों को सौंपा है। इस दौरान एसडीएम ओपी गुप्ता, सीओ प्रदीप कुमार वर्मा, कोतवाल डीके सिंह सहित पुलिस स्टाफ व राजस्व विभाग के अधिकारी सहित कर्मचारी मौजूद रहे।



## बलिया में कार के पेड़ से टकराने से दो लोगों की मौत, दो घायल

बलिया, (वेबवार्ता)। बलिया जिले के चितबड़ागांव थाना क्षेत्र में एक कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई, जिससे दो लोगों की मौत हो गई और दो लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। पुलिस के अनुसार, चितबड़ागांव थाना क्षेत्र के चितबड़ागांव मोड़ के पास रविवार शाम एक कार अनियंत्रित होकर एक पेड़ से टकरा गई। हादसे में आदिल (21) तथा समीर (20) की मौत हो गई और दिलशाद तथा काबिल गम्भीर रूप से घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सभी युवक बलिया से बक्सर जा रहे थे। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है

# कड़ी धूप में अपना काम कर रही है आशा -रेखा

अवध की आवाज ब्यूरो

निघासन खीरी। अपनी छोटी भी जिम्मेदारी को बड़ी ईमानदारी से निभा रही है आशा रेखा पत्नी राजेश कुमार मामला निघासन की ग्राम पंचायत बरोठा का है। जहाँ एक तरफ बड़े अधिकारी ए सी की हवा खा रहे है। और आदेश दे रहे है। उन रही है। जहाँ ऐसी कड़ी धूप में लोगो का घर से बाहर जाना मुश्किल है। और वही दूसरी तरफ कड़ी धूप में हर घर में जाकर लोगों तक सरकार की योजनाओं बता रही है। और लोगों को जागरुक भी कर रही हैं। और ये ही नही कोविड से लेकर वैक्सीनेशन तक अपनी



आदेशो को बखूभी निभा रही है ग्राम पंचायत में काम कर रही आशाएं कड़ी धूप होने के भी घर घर जा कर फाइलेरिया की दवा बाट रही है और उस दवा को अपने सामने उनको खिला जिम्मेदारियों को पूरी ईमानदारी के साथ निभाया है। इतनी कम सैलरी पर इतना ज्यादा काम कर रही है। आशाएं इस पर भी एक विचार जरूरी।

# मुंसिफ कोर्ट चालू कराने को लेकर वकीलों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन।

अवध की आवाज ब्यूरो

निघासन खीरी। मुंसिफ कोर्ट चालू कराने व तहसील परिसर में पुराने खंडहर अनुपयोगी तहसील भवन को ध्वस्त कराए जाने की मांग की। बताते चलें कि तहसील अधिवक्ता संघ के वकीलों ने शनिवार को डीएम अरविन्द कुमार चौरसिया को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन के माध्यम से वकीलों ने अवगत कराया कि तहसील निघासन में वर्ष 1986 में मुंसिफ कोर्ट की स्थापना के लिए भूमि आरक्षित की गई थी जिसका उद्देश्य उसके आसपास के सिंगाही, तिकुनियां, ढखेरवा चौराहा, मझगई आदि स्थानों जिनकी दूरी जिला लागत से बना मुंसिफ न्यायालय का मनतव्य विफल हो रहा है। निर्मित मुंसिफ न्यायालय में यथाशीघ्र न्यायिक कार्य प्रारंभ कराये जाने की मांग की है।साथ ही ज्ञापन के माध्यम से वकीलों ने बताया कि तहसील निघासन में नया तहसील भवन बन चुका है जिसमें लगभग बीते पांच वर्षो से कार्य चल रहा है तहसील परिसर में पुराना भवन पूर्ण रूप से खंडहर में तब्दील हो चुका है जिसमें जहरीले सांप,कीड़े मकोड़ों ने अपना बसेरा बना लिया है। जिसका अभी तक ध्वस्तीकरण नहीं कराया गया है जिससे जनसामान्य



मुख्यालय से लगभग 100 किलोमीटर है वहां के निवासियों को सस्ता व सुलभ न्याय दिलाने के लिए व गरीब जनता को जिला मुख्यालय तक भागदौड़ व पैसों के अपव्यय को बचाने के उद्देश्य से वर्ष 2012 में मुंसिफ न्यायालय भवन का निर्माण प्रारंभ हुआ। जो कि लगभग 3 वर्ष पूर्व पूर्णरूप से बनकर तैयार हो चुका है। लेकिन किन्ही कारणों से अभी तक मुंसिफ कोर्ट में न्यायिक कार्य प्रारंभ नहीं हो सका है। जिससे यहां के लोगों को जिला मुख्यालय की दौड़ लगानी पड़ रही है।करोड़ों की को उठने बैठने में काफी असुविधा हो रही है। इसलिए संबंधित अधिकारियों से वार्ता कर पुराने अनुपयोगी खंडहर नुमा भवन का ध्वस्तीकरण का कार्य कराए जाने की भी मांग की है। इस दौरान तहसील अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष सुबोध कुमार पाण्डेय, मंत्री सर्वेश मिश्रा,उपाध्यक्ष उमाकांत जायसवाल, रमेश भार्गव,बीपी श्रीवास्तव, राकेश वैश्य, राजू गिरि,चंद्रप्रकाश,छोटे लाल वर्मा,मो०लतीफ, मो०इजहार, रमेश गोस्वामी, मो०अमीन, सोनेलाल सहित अन्य वकील मौजूद रहे।

# जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अंतर्गत हर घर जल

सिधौली–सीतापुर। दिनांक 24/07/2021 को विकास खंड सिधौली मे जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अंतर्गत हर घर जल उपलब्ध कराने हेतु विकासखंड सिधौली सभागार में त्रिपक्षीयअनुबंधगठनकाकार्य कार्यक्रम में मा० केंद्रीय मंत्री एवं सांसद मोहनलालगंज आदरणीय रुकौशलऋकिशोर जी के प्रतिनिधि के तौर पर मै सुधीर सिंह उपस्थित रहा। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी सुश्री काजल अधिशासी अभियंता जल निगम कमलेश सिंह ,ग्राम पंचायत सचिव सहित ब्लाक के सम्मानित ग्राम प्रधान बंधु एवं कर्मचारी गण उपस्थित रहे।





## भारतीय जनता पार्टी कानपुर महानगर उत्तर जिला कार्यालय नवीन मार्केट में साधु , संत , पुजारी एवं गुरुओं का पूजन एवं सम्मान किया

अवध की आवाज ब्यूरो

कानपुर। गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर भारतीय जनता पार्टी कानपुर महानगर उत्तर जिला कार्यालय नवीन मार्केट में साधु , संत , पुजारी एवं गुरुओं का पूजन एवं सम्मान किया गया। जिला अध्यक्ष सुनील बजाज के द्वारा आए हुए सभी गुरुओं का माला एवं अंग वस्त्र




दान किया गया। आए हुए गुरुजनों के पास जाकर उपस्थित सभी जिला पदाधिकारियों ने उन्हें फल मिष्ठान एवं माला इत्यादि के साथ सम्मानित किया एवं उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। आज जैसे ही पार्टी कार्यालय में संत जनों का आगमन हुआ उपस्थित सभी लोगों ने पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया एवं हर हर महादेव के नारों के साथ उनका अभिवादन किया। गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर आज पार्टी कार्यालय में सिद्धनाथ मंदिर मठ के महंत अरुण पुरी , नवाबगंज के दंडी महाराज , साध्वी सा स्वरूपा एवं आनंदेश्वर मंदिर मठ के महंत इच्छा स्वरूप का आगमन हुआ। आए हुए सभी गुरुजनों ने अपने आशीर्वचनों से सभी को ढेरों आशीर्वाद दिया एवं फल मिष्ठान ठंडाई आदि प्रसाद स्वरूप भेंट किया।

समस्त भारतीय जनता पार्टी एवं भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं को आशीर्वाद देते हुए अरुण पुरी जी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता के संस्कार ही हैं जो आज पार्टी को मजबूती प्रदान किए हुए उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से नीचे तक सभी को आशीर्वचन दिए। उन्होंने कहा कि महादेव की कृपा से भारतीय जनता पार्टी और उनके कार्यकर्ता सदैव तरक्की की ओर अग्रसर रहें।

महंत अरुण पुरी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक ऐसी पार्टी है जो सनातन धर्म और भारतीय संस्कृति की रक्षा करती है उन्होंने कहा कि आज पार्टी के अथक प्रयास से ही मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम जी के मुंबई मंदिर का निर्माण आरंभ हो गया है और पार्टी के ही प्रयासों से भविष्य में हम मथुरा में श्री कृष्ण मंदिर और बनारस में भोलेनाथ जी के मंदिर की भव्यता को भी देख पाएंगे।

जिलाध्यक्ष सुनील बजाज ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता मर्यादा में रहते हुए सदैव अपने संस्कारों के अनुरूप ही सेवा भाव से बिना जात पात के भेद को मानते हुए सेवा में लगे रहते हैं उन्होंने कहा कि पार्टी के कार्यकर्ता के ह्रदय में उनके संत जनों गुरुजनों आदि के लिए बहुत ही सम्मान भाव है इसलिए आप सब हमारे सदैव पूजनीय हैं और आप सब गुरुजनों के आशीर्वाद से हम अन्य दलों द्वारा समाज में फैलाई जा रही कुरीतियों को सत्ता के माध्यम से दूर करने में कोई भी कोर–कसर या कमी नहीं छोड़ेंगे।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि पार्टी के संस्कारी कार्यकर्ता सेवा ही संगठन को सर्वोपरि मानते हैं और आज उसी के कारण वीकेंड लॉकडाउन के दौरान भी लगातार हमारी जरूरतमंदों की सेवा के लिए निष्ठा में कोई भी फर्क नहीं पड़ा है।

आज गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर भाजपा कानपुर उत्तर के समस्त मंडलों में गुरुजनों के पास जाकर उनका सम्मान किया गया।

आज इस दौरान वीरेश त्रिपाठी संतोष शुक्ला अवधेश सोनकर जितेंद्र शर्मा (राजू शर्मा) प्रमोद त्रिपाठी रंजीता पाठक डॉ जन्मेजय सिंह आशा पाल सत्येंद्र पांडे विनय पटेल सुनील जायसवाल रिचा सक्सैना धीरज बाल्मिक पारस मदान रिषी गुप्ता रोहित साहू सत्यम शुक्ला गौरव पांडे दीपक चौहान श्यामू तिवारी अर्पित गुप्ता रामा शंकर अग्रहरी पीयूष शर्मा मनोज आदि उपस्थित रहे।

## जनपद में 26 जुलाई से चलेगा आयुष्मान पखवारा

### मुफ्त बनाए जायेंगे आयुष्मान कार्ड

अवध की आवाज ब्यूरो

लखनऊ। प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (आयुष्मान भारत) एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य अभियान के तहत चयनित लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड (गोल्डन कार्ड) बनाए जाने के लिए 26 जुलाई से 9 अगस्त तक "आयुष्मान पखवारा" चलाया जायेगा। यह जानकारी मुख्य विकास अधिकारी अश्विनी कुमार ने मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में दी।

मुख्य विकास अधिकारी ने बताया – अभियान में लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए किसी भी प्रकार का शुल्क नहीं देना होगा। पहले आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए 30 रूपये प्रति कार्ड का भुगतान लाभार्थियों द्वारा जनसेवा केन्द्रों के विलेज लेवल इंटरप्रेन्योर (वीएलई) को किया जाता था।

मुख्य विकास अधिकारी ने बताया– जिले में अब करीब 14.17 लाख लाभार्थी के सापेक्ष करीब 2.85 लाख लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनाये जा चुके हैं। अब तक बनाये गए कार्डों में जन सुविधा केन्द्रों द्वारा कुल करीब 1.04 लाख (48,211 लाभार्थी परिवार ) तथा आरोग्य मित्रों द्वारा करीब 1.81 लाख (59, 776) आयुष्मान कार्ड बनाये गए हैं।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.मनोज अग्रवाल ने बताया – स्टेट हेल्थ एजेंसी द्वारा उपलब्ध कराये गए आंकड़ों के अनुसार इस अभियान में करीब 1.72 लाख आयुष्मान कार्ड विहीन लाभार्थी परिवारों को आयुष्मान कार्ड प्राप्त कराने का लक्ष्य है, जिसमें 61,712 ग्रामीण और करीब 1.10 लाख शहरी लाभार्थी परिवार हैं। इस अभियान




में आशा कार्यकर्ता के लिए विशेष व्यवस्था की गयी है। लक्षित परिवारों को प्रेरित करते हुए कैंप में लाने तथा कम से कम छूटे हुए परिवार के एक सदस्य का आयुष्मान कार्ड बनवाने पर प्रति परिवार पांच रूपये तथा एक से अधिक आयुष्मान कार्ड बनवाने पर आशा कार्यकर्ता को 10 रूपये की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। आयुष्मान योजना के नोडल अधिकारी एवं अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी अनूप श्रीवास्तव ने बताया–इस अभियान में शिविर आयोजित कराने के लिए तैयार की गयी कार्ययोजना के अनुसार ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के चिन्हित गाँवों एवं वार्डों में प्रतिदिन आरोग्य मित्रों एवं वीएलई द्वारा आयुष्मान कार्ड शिविर आयोजित किये जायेंगे। अभियान में शिविर आयोजित करने के लिए आरोग्य मित्र को प्रति परिवार एक आयुष्मान कार्ड बनवाने पर 5 रूपये तथा एक से अधिक आयुष्मान कार्ड बनवाने पर 10 रूपये की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।

## थाना बारासगवर, जनपद उन्नावपति की हत्या करने वाली पत्नी व उसका प्रेमी गिरफ्तार

अवध की आवाज ब्यूरो

उन्नाव। पुलिस अधीक्षक महोदय के कुशल निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक उन्नाव व क्षेत्राधिकारी महोदय बीघापुर के कुशल पर्यवेक्षण में अपराधों की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना बारसगवर पुलिस द्वारा पति की हत्या करने वाली पत्नी व उसके प्रेमी को किया गया गिरफ्तार।





सीतापुर। करगिल शहीद दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने लालबाग शहीद स्मारक पार्क में दीप प्रज्ज्वलित कर शहीदों को नमन किया। उन्होंनें भावभीनी श्रद्धांजली भी अर्पित की। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी विनय कुमार पाठक, नगर मजिस्ट्रेट पूजा मिश्रा, जिला विकास अधिकारी राकेश पाण्डेय, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका वैभव त्रिपाठी सहित अन्य उपस्थित अधिकारियों एवं आमजनमानस ने भी दीप प्रज्ज्वलित कर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजली अर्पित की।

## दैनिक भास्कर एवं भारत समाचार चौनल पर आई टी विभाग द्वारा सरकार के इशारे पर फर्जी छापेमारी के विरोध में कानपुर प्रेस क्लब का विरोध प्रदर्शन

अवध की आवाज ब्यूरो

कानपुर। कानपुर प्रेसक्लब अध्यक्ष द्वारा परेड चौराहे पर दैनिक भास्कर एवं भारत समाचार चौनल पर आईटी छापे की 36 घंटे की सघन तलाशी के बावजूद कोई सबूत नहीं मिल सका। यह सिद्ध करता है कि सरकार द्वारा संस्थान की बेदाग छवि को धूमिल करने और लोकतंत्र के चौथे स्थान पर दबाव बनाने हेतु ही किया गया । प्रेस क्लब अध्यक्ष ने भविष्य में इस तरह का सरकार द्वारा कुकृत्य न दोहराने की चेतावनी देने हेतु सैकड़ों पत्रकारों के साथ विरोध जताते हुए नवीन मार्केट से बड़े चौराहे तक सरकार विरोधी नारे लगाते हुए जुलूस निकाल कर तथा मानव श्रृंखला बनाकर प्रदर्शन किया। भविष्य में दुबारा इस तरह का शर्मनाक हरकत न करने हेतु एक ज्ञापन महामहिम राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री महोदय, राज्यपाल महोदया उत्तर प्रदेश और मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को पुलिस कमिश्नर के माध्यम से सौंपा गया। ज्ञापन में चेतावनी दी गयी कि अगर सरकारें इस प्रकार की कुत्सित कार्यवाही करके मीडिया की आवाज को दबाना चाहेगी। तो कानपुर प्रेस क्लब इसका भरपूर विरोध करने हेतु अपना आदोलन करता रहेगा जिसकी समस्त जिम्मेदारी केन्द्र व प्रदेश सरकारों की ही होगी प्रदर्शन में नीरज अवस्थी, सुनील साहू, अभिलाष बाजपेयी, मनोज यादव, रमन गुप्ता हनुमंत सिंह, चन्दन जायसवाल, इब्लेहसन जैदी, मो० इरफान, मोहित वर्मा, अभिनव श्रीवास्तव, वेद गुप्ता, समर्थ शुक्ला, राहुल बाजपेयी, विवेक पाण्डेय, नौशाद, अमनतिवारी, सुनील गुप्ता, अखलाक अहमद, अविनाश विपिन गुप्ता आरुश सोनकर, दीपक सिंह, अमित यादव, फुरकान, दीपक, स्वप्निल तिवारी, मार्शल, मो० उजैर, अजय गुप्ता, अशोक सिंह, मो० उस्मान राजीव, मनीष गुप्ता, मुकेश कुमार यादव, नीरज चौधरी सहित तमाम पत्रकार बंधु उपस्थित रहे।



# विपक्षी दलों के सदस्यों के हंगामे के कारण लोकसभा की कार्यवाही 2 बजे तक स्थगित

नई दिल्ली, (वेबवार्ता)। केंद्र के तीन नये कृषि कानूनों सहित विभिन्न मुद्दों पर विपक्षी दलों के सदस्यों के हंगामे के कारण सोमवार को लोकसभा की कार्यवाही सुबह 11 बजकर 25 मिनट पर दोपहर 2 बजे तक स्थगित कर दी गई। सोमवार सुबह निचले सदन की कार्यवाही शुरू होने पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने करगिल विजय दिवस पर वीर सैनिकों का स्मरण किया। सदन में सदस्यों ने कुछ पल मौन रखकर मातृभूमि की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले सैनिकों के प्रति सम्मान प्रकट किया। अध्यक्ष बिरला ने ओलंपिक में महिलाओं की 49 किलोग्राम वर्ग भारोत्तोलन स्पर्धा में रजत पदक जीतने वाली मीराबाई चानू की उपलब्धि का जिक्र किया और सदन तथा अपनी ओर से उन्हें बधाई दी। इसके बाद बिरला ने जैसे ही प्रश्नकाल शुरू करने को कहा, वैसे ही कांग्रेस सहित कुछ विपक्षी दलों के सदस्य अपनी–अपनी मांगों के समर्थन में नारेबाजी करने लगे। कुछ सदस्यों ने अपने हाथों में तख्तियां ले रखी थीं। विपक्षी सदस्य 'तानाशाही बंद करो' के नारे लगा रहे थे। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शोर–शराबे के बीच ही प्रश्नकाल की कार्यवाही को आगे बढ़ाया। इस दौरान कुछ सदस्यों ने पूरक प्रश्न पूछे और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान तथा वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने उनके जवाब भी दिये। इस बीच, अध्यक्ष ओम बिरला ने सदस्यों से अपने स्थान पर लौटने का आग्रह किया। बिरला ने शोर–शराबा कर रहे विपक्षी सदस्यों से कहा, ''जनता ने आपको चुनकर भेजा है ताकि आप यहां जनता के मुद्दे उठा सकें लेकिन आप नारेबाजी कर रहे हैं, तख्तियां लहरा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह ठीक नहीं है। बिरला ने कहा कि सदस्य अपने स्थान पर जाएं और कार्यवाही चलने दें। हालांकि, सदस्यों का हंगामा जारी रहा। व्यवस्था बनते हुए नहीं देख लोकसभा अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही सुबह 11 बजकर 25 मिनट पर दोपहर 2 बजे तक स्थगित कर दी। गौरतलब है कि पेगासस जासूसी मामला, तीन कृषि कानूनों के विषय सहित कुछ अन्य मुद्दों पर विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण संसद के मॉनसून सत्र के दौरान पिछले सप्ताह भी कामकाज बाधित रहा था।

# कृषि कानूनों के विरोध में ट्रैक्टर चलाकर संसद के गेट तक पहुंचे राहुल, कई नेता हिरासत में लिए गए

नई दिल्ली, (वेबवार्ता)। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी तीन केंद्रीय कृषि कानूनों के विरोध में सोमवार को ट्रैक्टर चलाकर संसद भवन परिसर के गेट तक पहुंचे जिसके बाद पुलिस ने पार्टी के कुछ नेताओं को हिरासत में ले लिया। राहुल गांधी जो ट्रैक्टर चला रहे थे उस पर उनके साथ राज्यसभा सदस्य दीपेंद्र हुड्डा, प्रताप सिंह बाजवा और पार्टी के कुछ अन्य सांसद बैठे थे। इस ट्रैक्टर के आगे एक बैनर भी लगा था जिस पर ''किसान विरोधी तीनों काले कृषि कानून वापस लो – वापस लो'' लिखा हुआ था। तीनों कृषि कानून वापस लिए जाने की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे किसानों के प्रति समर्थन जताने वाले राहुल गांधी ने कहा, ''दो–तीन बड़े उद्योगपतियों के लिए ये कानून लाए गए हैं। यह बात पूरा देश जानता है। इन कानूनों को वापस लेना पड़ेगा। कांग्रेस का कहना है कि राहुल गांधी के साथ मौजूद पार्टी के मुख्य प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला, पार्टी के राष्ट्रीय सचिव प्रणव झा, भारतीय युवा कांग्रेस के अध्यक्ष श्रीनिवास बी.वी. और कई अन्य नेताओं को पुलिस ने हिरासत में लिया। राहुल गांधी ऐसे समय पर कृषि कानूनों के विरोध में ट्रैक्टर चलाकर संसद भवन परिसर के नजदीक पहुंचे, जब किसान जंतर–मंतर पर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। गौरतलब है कि दिल्ली से लगे टिकरी बॉर्डर, सिंघू बॉर्डर तथा गाजीपुर बॉर्डर पर किसान पिछले साल नवम्बर से विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। उनकी मांग है कि तीनों कृषि कानूनों को वापस लिया जाए और न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी दी जाए। हालांकि सरकार का कहना है कि ये कानून किसानों के हित में हैं। सरकार और प्रदर्शन कर रहे किसानों के बीच कई दौर की वार्ता हुई जो बेनतीजा रही है।

# चीन की हरकतों को नजरअंदाज करने से भविष्य में मुश्किलें पैदा होंगीः राहुल

नई दिल्ली, (वेबवार्ता)। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को आरोप लगाया कि केंद्र सरकार को समझ नहीं आ रहा है कि सीमा पर चीन की हरकतों से कैसे निपटा जाए। उन्होंने यह भी कहा कि चीन की हरकतों को नजरअंदाज करने से भविष्य में मुश्किलें पैदा होंगी। राहुल गांधी ने एक मीडिया रिपोर्ट का हवाला देते हुए ट्वीट किया, '' केंद्र सरकार को समझ नहीं आ रहा कि चीन से कैसे निपटा जाए। आज उसकी हरकतों को नजरअंदाज करने से भविष्य में बड़ी मुश्किलें पैदा होंगी। कांग्रेस नेता ने जिस खबर का हवाला दिया उसमें दावा किया गया है कि डेमचोक इलाके में भारतीय सीमा के भीतर चीन की सेना ने टेंट लगा दिया है। राहुल गांधी ने एक अन्य ट्वीट में 'कारगिल विजय दिवस' पर शहीदों को याद किया। उन्होंने कहा, हमारे तिरंगे की गरिमा में अपनी जान देने वाले प्रत्येक सेनानी को दिल से श्रद्धांजलि। देश की सुरक्षा के लिए आपके व आपके परिवारों के इस सर्वोच्च बलिदान को हम हमेशा याद करेंगे। जय हिंद।

# प्रधानमंत्री ने करगिल के शहीदों को दी श्रद्धांजलि



नई दिल्ली, (वेबवार्ता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को करगिल विजय दिवस की 22वीं वर्षगांठ पर पाकिस्तान के साथ हुए इस युद्ध के शहीदों को याद किया और कहा कि उनकी बहादुरी हर दिन देशवासियों को प्रेरित करती है। उन्होंने ट्वीट किया, ''हम उनके बलिदानों को याद करते हैं। हम उनकी बहादुरी को याद करते हैं। आज करगिल विजय दिवस के अवसर पर हम उन सभी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं, जिन्होंने देश की रक्षा करते हुए करगिल में अपने आप को न्योछावर कर दिया। उनकी बहादुरी हमें हर दिन प्रेरणा देती है। प्रधानमंत्री ने पिछले साल आकाशवाणी के मासिक रेडियो कार्यक्रम ''मन की बात'' की एक कड़ी में करगिल के शहीदों के बारे में देशवासियों से विस्तार से संवाद किया था। उन्होंने अपने ट्वीट के साथ इस संवाद की कुछ झलकियां भी साझा की। भारत और पाकिस्तान की सेनाओं के बीच 1999 में करगिल के पहाड़ों पर जंग हुई थी और बाद में भारत ने करगिल की पहाड़ियां फिर से अपने कब्जे में ले ली थीं। इस लड़ाई की शुरुआत तब हुई थी, जब पाकिस्तानी सैनिकों ने कारगिल की ऊंची पहाड़ियों पर घुसपैठ करके वहां अपने ठिकाने बना लिए थे।



अवध की आवाज उन्नाव समाचार उन्नाव समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिछिया में लग रहे ऑक्सीजन प्लांट का निरीक्षण करते हुए जिला अधिकारी उन्नाव श्री रविंद्र कुमार जी ड्यूटी पर उपस्थित डॉक्टरों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

अवध की आवाज आम जन की आवाज गुड्डू मिश्रा ब्यूरो चीफ उन्नाव



कानपुर महानगर। 26 जुलाई यानी आज ही के दिन भारत ने पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब देते हुए कारगिल युद्ध जीता था। कारगिल के आज 22 साल पुरे हो गए हैं। कारगिल युद्ध में भारतीय सैनिकों ने पाकिस्तान को जो करारी मात दी थी, उस इतिहास को आज पूरा देश याद कर रहा है।कारगिल विजय दिवस पर आज भाजपा कानपुर महानगर उत्तर जिला कार्यालय नवीन मार्केट में जिला अध्यक्ष सुनील बजाज ने भारत के वीर सपूतों को याद किया, जिन्होंने भारत की रक्षा के लिए अपने प्राणों की कुर्बानी दी थी। जिला अध्यक्ष सुनील बजाज एवं उपस्थित जिला पदाधिकारियों ने वीर शहीदों(अमर जवान) के चित्र पर पुष्पांजलि कर दीप जलाकर उन्हें नमन किया सभी ने देश के प्रति उनके बलिदान को याद करते हुए ऑपरेशन विजय में भाग लेने वाले सैनिकों के गौरव और वीरता को याद करके उन्हें श्रद्धांजलि दी।





## अक्षय त्रिपाठी द्वारा लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष का कार्यभार किया ग्रहण

वर्ष 2014 बैच के आई.ए.एस. अधिकारी श्री अक्षय त्रिपाठी द्वारा आज उपाध्यक्ष, लखनऊ विकास प्राधिकरण का पदभार ग्रहण किया गया। इससे पूर्व वे नगर आयुक्त, नगर निगम कानपुर के पद पर कार्यरत थे। श्री त्रिपाठी द्वारा मैकेनिकल इंजीनियरिंग में बी.टेक की डिग्री प्राप्त की गई है। श्री त्रिपाठी की पहली तैनाती वर्ष 2015 में असिस्टेण्ट कलेक्टर, इटावा के पद पर हुई थी। उनके द्वारा ज्वाइण्ट मजिस्ट्रेट जालौन, मुख्य विकास अधिकारी अयोध्या तथा कानपुर के पद पर भी कार्य किया गया है।

अवध की आवाज हिन्दी दैनिक, प्रकाशक ,मुद्रक व स्वामी,अनिल कुमार सिंह द्वारा स्काई लाइन प्रिन्टर्स,119/23 खन्दारी लेन, लालबाग, लखनऊ उ0प्र0 से मुद्रित तथा डी–97/3 व 7,सेक्टर–7, इन्दिरा नगर,लखनऊ,उ0प्र0 से प्रकाशित। सम्पादक अनिल कुमार सिंह फोन : 0522–4340954 मो0–7905407289, Email: avadhkiaawaz@gmail.com
नोट : समाचार पत्र से सम्बंधित सारे विवादोंका न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।